विज्ञापन सं. इसरो:आइ.सी.आर.बी:03(ई.एम.सी ):2026

Advt No. ISRO:ICRB:03(EMC):2026 दिनाँक/dated 27-08-2026

**अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार**

**Department of Space, Government of India**

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)**

**INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION [ISRO]**

**इसरो केंद्रीकृत भर्ती बोर्ड (आइ.सी.आर.बी.)**

**ISRO CENTRALISED RECRUITMENT BOARD [ICRB]**

# इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस में बी.ई./बी.टेक या समकक्ष डिग्री धारक वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' की भर्ती

# *RECRUITMENT OF SCIENTIST/ENGINEER `SC' WITH BE/B.TECH OR EQUIVALENT DEGREE IN ELECTRONICS, MECHANICAL AND COMPUTER SCIENCE*

**विज्ञापन मे दिए गए मानदंड और आवश्यकताओ को पूरा करना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी को होगी । अत :आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑन-लाइन आवेदन भरने के पहले पूरे विज्ञापन और एफ.ए.क्यु. को ध्यान से पढे ।**

**THE RESPONSIBILITY TO ENSURE THE FULFILLMENT OF ELIGIBILITY CRITERIA AND REQUIREMENTS DETAILED IN THIS ADVERTISEMENT RESTS WITH THE APPLICANT. APPLICANTS ARE THEREFORE ADVISED TO CAREFULLY READ THE FULL ADVERTISEMENT AND FAQ BEFORE PROCEEDING FOR ONLINE APPLICATION.**

**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इसरो मे नौकरी के लिए जाली नियुक्ति प्रस्ताव पर ध्यान दे ।**

**CANDIDATES ARE ADVISED NOT TO TAKE COGNIZANCE OF FAKE OFFER OF APPOINTMENT FOR JOBS IN ISRO.**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के केंद्र/यूनिट व्यापक रूप से सामाजिक लाभ हेतु आत्म-निर्भरता प्राप्त करते हुए राष्ट्र की सेवा करने तथा प्रमोचनयानों एवं संचार/सुदूर संवेदन उपग्रहों के डिजाइन व निर्माण की क्षमता का विकास करने एवं उसके बाद उन्हें प्रमोचित करने हेतु अंतरिक्ष अनुप्रयोग, अंतरिक्ष विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के विकास में अनुसंधान विकास गतिविधियों में संलग्न हैं।/Indian Space Research Organisation / Department of Space Centres/Units are engaged in Research and Development activities in the realm of Space Application, Space Science and Technology for the benefit of society at large and for serving the Nation by achieving self-reliance and developing capacity to design and build Launch Vehicles and Communication/Remote Sensing Satellites and thereafter launch them.

2. नीचे दिए गए विवरण अनुसार, अं.वि. के अधीन संघटक इसरो केंद्रों (समूह 'क' राजपत्रित पद) तथा एक स्वायत्त निकाय [पी आर एल] (समूह 'क' अराजपत्रित पद) में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' की निम्नलिखित रिक्तियों हेतु प्रतिभावान स्नातक आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: /Online applications are invited from meritorious graduates for the following vacancies of Scientist/Engineer 'SC' (Group 'A' Gazetted posts) in Level 10 of Pay Matrix at constituent ISRO

Centres and Scientist/Engineer 'SC' (Group 'A' Non-Gazetted posts) in Level 10 of Pay Matrix in Autonomous Body (PRL) under DOS as detailed below:

| पद का कोड सं. /**Post Code No.** | पदनांम / **Name of the Post** | रिक्तियों की सं./ **/Total number of vacancies** | पी.डब्ल्यू.बी.डी. से भरी जाने हेतु चिन्हित रिक्तियाँ (श्रेणी प्रकार)/**Vacancies identified for filling up with PwBD (Category wise)** | | | | | शैक्षणिक अहर्ता/ **/Educational qualification** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | A | B | C | D | E | |
| बी.ई. / BE001 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (इलेक्ट्रॉनिक्स) /Scientist/Engineer 'SC' (Electronics) | 99 | 01* | 16 * | 03* | 0 | 01* | न्यूनतम 65% अंकों या सी.जी.पी.ए. 6.84/10 के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स & संचार अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष / BE/ B.Tech or equivalent in Electronics & Communication Engineering with an aggregate minimum of 65% marks or CGPA 6.84/10. |
| बी.ई. / BE002 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (मेकेनिकल)/ Scientist/Engineer 'SC' (Mechanical) | 52 | 3* | 9* | 4(3*) | 0 | 01* | न्यूनतम 65% अंकों या सी.जी.पी.ए. 6.84/10 के साथ मेकेनिकल में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष । / BE/ B.Tech or equivalent in Mechanical Engineering with an aggregate minimum of 65% marks or CGPA 6.84/10. |
| बी.ई. / BE003 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (कंप्यूटर साइंस) / | 21 | 4(3*) | 2(1*) | 1 | 1* | 0 | न्यूनतम 65% अंकों या सी.जी.पी.ए. 6.84/10 के साथ |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Scientist/Engineer 'SC' (Computer Science) | | | | | | | कंप्यूटर साइंस अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष \|/ BE/ B.Tech or equivalent in Computer Science Engineering with an aggregate minimum of 65% marks or CGPA 6.84/10. |
| बी.ई. / BE001A | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (इलेक्ट्रानिक्स) - स्वायत्त निकाय [पी आर एल] / Scientist/ Engineer 'SC' (Electronics) – Autonomous Body [PRL] | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | न्यूनतम 65% अंकों या सी.जी.पी.ए. 6.84/10 के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स & संचार अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष / BE/ B.Tech or equivalent in Electronics & Communication Engineering with an aggregate minimum of 65% marks or CGPA 6.84/10. |
| बी.ई. / BE002A | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (मेकेनिकल) - स्वायत्त निकाय [पी आर एल] Scientist/Engineer 'SC' (Mechanical)- Autonomous Body [PRL] | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | न्यूनतम 65% अंकों या सी.जी.पी.ए. 6.84/10 के साथ मेकेनिकल में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष \| / BE/ B.Tech or equivalent in Mechanical Engineering with an aggregate minimum of 65% marks or CGPA 6.84/10 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बी.ई. / BE003A | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (कंप्यूटर साइंस) - स्वायत्त निकाय [पी आर एल] / Scientist/ Engineer 'SC' (Computer Science) Autonomous Body –PRL | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | न्यूनतम 65% अंकों या सी.जी.पी.ए. 6.84/10 के साथ कंप्यूटर साइंस अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष । / BE/B.Tech or equivalent in Computer Science Engineering with an aggregate minimum of 65% marks or CGPA 6.84/10. |

*- बैकलाग रिक्तियाँ /Backlog vacancies

नोट :अधिसूचित रिक्तियाँ अनंतिम हैं। रिक्तियों की संख्या में कोई वृद्धि/कमी इसरो की वेबसाइट www.isro.gov.in पर विज्ञापन से संबंधित शुद्धिपत्र जारी करके सूचित की जाएगी।

Note: The number of vacancies notified are tentative only. Any addition/reduction on the number of vacancies will be notified in the ISRO website www.isro.gov.in by issuing a corrigendum to this advertisement.

| क्रम सं./Sl No | केंद्र /Centre | पी.डब्ल्यू.बी.डी. से भरी जाने हेतु चिन्हित रिक्तियाँ (श्रेणी प्रकार)/Vacancies identified for filling up with PWBD | क्रम सं./ Sl No | केंद्र /Centre | पी.डब्ल्यू.बी.डी. से भरी जाने हेतु चिन्हित रिक्तियाँ (श्रेणी प्रकार)/Vacancies identified for filling up with PWBD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एच.एस.एफ.सी., बेंगलूरु//HSFC, Bengaluru | क,ख, ङ/ A, B, E | 2 | एन.आर.एस.सी. , हैदराबाद NRSC, Hyderabad | क,ख,ग/ A, B, C |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | आई.पी.आर.सी. , महेंद्रगिरि/IPRC, Mahendragiri | ख,ग/ B, C | 4 | ❖ इस्ट्रैक , बेंगलूरु/ISTRAC, Bengaluru | ख/B |
| 5 | एल.पी.एस.सी. , वलियमला/LPSC, Valiamala | क,ख, ङ/ A, B, E | 6 | एम.सी.एफ. , हासन / MCF, Hassan | ख,ग/B, C |
| 7 | सैक , अहमदाबाद / SAC, Ahmedabad | ख, ङ/B, E | 8 | एस.डी.एस.सी. शार , श्रीहरिकोटा / SDSC SHAR, Sriharikota | क,ख/A, B |
| 9 | यू.आर.एस.सी., बेंगलूरु / URSC, Bengaluru | क,ख,ग/A, B, C | 10 | वी.एस.एस.सी. , तिरुवनंतपुरम/VSSC, Thiruvananthapuram | ख/B |

पी.डब्ल्यू.बी.डी. श्रेणी/ PwBD Categories

| श्रेणी / Category | केंद्र सरकार के पदों और सेवाओं में आरक्षण के लिए निर्दिष्ट दिव्यांगताओं को शामिल किया गया है / Specified disabilities covered under reservation in posts and services in Central Government in the category |
|---|---|
| **क /** A | नेत्रहीन, अल्प दृष्टि (दृष्टि-बाधित-वी.एच / Blindness and low vision - (Visually handicapped -VH) |
| **ख/**B | बधिर, अल्प श्रवण (श्रवण-बधित-एच.एच) / Deaf and Hard of Hearing (HH) Hard of Hearing /Hearing Impairment |
| **ग/**C | चलन सम्बंधी विकलांगता - अस्थि दिव्यांगता (मस्तिष्क पक्षाघात (सी.पी), कुष्ठ रोग विमुक्त (एल.सी), बौनापन , तेजाब हमला पीडित एवं मांसपेशीय दुर्विकास, एक पैर पक्षाघात, एक हाथ एक पैर पक्षाघात) / Locomotor Disability- Orthopedically Handicapped (OH) including Cerebral Palsy(CP), Leprosy Cured(LC), Dwarfism(Dw), Accident Attack Victims and Muscular Dystrophy, OL-One-Leg Affected, One Arm One Leg Affected-OAL |
| **घ/**D | ऑटिस्म स्पेक्ट्रम दोष, विशिष्ट, शिक्षा दिव्यांगता, मानसिक अस्वस्थता, शिक्षा दिव्यांगता / Autistic Spectrum Disorders (ASD), Intellectual Disability(ID), Specific Learning Disability(SLD) and Mental Illness (MI) |
| ङ/E | बहु दिव्यांगता (एक पैर/एक हाथ/एक हाथ एक पैर/ अल्प श्रवण/दृष्टि बाधित/बौनापन/उपचारित कुष्ठ रोग) /Multiple disabilities from amongst persons under clauses (A) to (D) including deaf-blindness |

| |
|---|
| <u>बैकलॉग रिक्तियाँ/Backlog vacancies</u> : यदि किसी चिह्नित श्रेणी (अर्थात क, ख, ग, घ, ङ) के लिए पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं, तो पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थियों की अन्य श्रेणियों पर ऊपर दी रिक्तियों हेतु विचार किया जाएगा। अतः, सभी पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। यदि दिव्यांगता श्रेणी से कोई भी उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध नहीं है, तो दिव्यांगता श्रेणी के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त कर पद को भर लिया जाएगा। / Backlog PwBD vacancies: If suitable candidates with the notified category of disability are not available, the post may be filled by interchange among the five (05) categories of disabilities. Hence, all PwBD candidates of category A to E are encouraged to apply. In case, no suitable person with any category of disability is available, then the Post will be filled by Appointment of a person other than a person with disability. |
| नोट/ NOTE:: विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की निर्दिष्ट अवधि के अंदर स्नातक पूरा किया होना चाहिए। Graduation should have been completed within the stipulated duration of the course as prescribed by the University. |
| ऊपर दिये विषयों के अंतर्गत स्वीकार्य बी.ई./बी.टेक. में संबद्ध विषय बारंबार पूछे गए प्रश्न और उत्तर में उल्लेखित हैं\| / Allied disciplines in BE/B.Tech. acceptable under the above disciplines are mentioned in the FAQs. |
| नोट / Notes:<br>• जहां ,कोई विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाण-पत्र या समेकित अंक-पत्र में सी.जी.पी.ए .और अंकों की प्रतिशतता दोनों का उल्लेख करता है ,तो कम-से-कम एक मानदंड) या तो सी.जी.पी.ए .या प्रतिशतता ( अं.वि/.इसरो की पात्रता प्रतिमानकों के अनुरूप होना चाहिए;<br>Where a University mentions both CGPA and percentage of marks in its Degree Certificate or Consolidated Mark-sheet, then at least one criteria (either CGPA or percentage) should meet DOS/ISRO’s eligibility norms;<br>• जहां ,कोई विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाण-पत्र या समेकित अंक पत्र में केवल सी.जी.पी.ए .का उल्लेख करता है ,तो उल्लेखित सी.जी.पी.ए .अं.वि/.इसरो के पात्रता प्रतिमानकों के अनुरूप ही होना चाहिए। पात्रता निर्धारित करने के लिए सी.जी.पी.ए .को अंकों की प्रतिशतता में परिवर्तित करने की अनुमति नहीं है ,भले ही संबंधित विश्वविद्यालय/संस्था द्वारा कोई परिवर्तन सूत्र निर्धारित किया गया हो। आवश्यक परिवर्तन सहित यही मानदंड उन मामलों में भी लागू होता है ,जहाँ उपाधि प्रमाण-पत्र/समेकित अंक-पत्र पर केवल अंकों की प्रतिशतता का उल्लेख किया गया है।<br>Where a University mentions only CGPA in its Degree Certificate or Consolidated Mark-sheet, then the CGPA so mentioned should necessarily meet DOS/ISRO’s eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine eligibility, regardless of whether any conversion formla is prescribed by the University/Institution concerned. The same criteria apply mutatis mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned in the Degree Certificate /Consolidated Mark-sheet.<br>यदि द्वि/समेकित उपाधि कार्यक्रम है/In case of Dual/Integrated Degree programmes: |

| | |
|---|---|
| **क /** a) | जहां ,द्वि/समेकित उपाधि प्रमाणपत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशत का अलग-अलग उल्लेख किया गया है, वहां स्नातक स्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता की मान्यता की जाएगी; / Where a CGPA/Percentage for Graduation and Post-Graduation is mentioned separately in the Dual/Integrated Degree Certificate, CGPA/percentage for the graduation level will be reckoned; |
| **ख/**b) | जहां, अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए लागू एक समान सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता को ही केवल द्वि/समेकित उपाधि प्रमाणपत्र में दर्शाया गया है, वहां अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए लागू द्वि/समेकित उपाधि प्रमाणपत्र में दर्शायी अंतिम सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता को ही पात्रता निर्धारण के लिए आधार माना जाएगा; Where a common CGPA/percentage applicable for the entire course of study is only mentioned in the Dual/Integrated Degree Certificate, the final CGPA/percentage as mentioned in the Dual/Integrated degree Certificate as applicable for the entire course of study, will be reckoned for deciding the eligibility; |
| **ग/**c) | जहाँ कोई विश्वविद्यालय अपने द्वि/समेकित डिग्री प्रमाणपत्रों में कोई सी.जी.पी.ए./प्रतिशत निर्धारित नहीं करता है, वहाँ संपूर्ण अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए यथा लागू अंतिम/समेकित अंकपत्र के अनुसार संचयी सी.जी.पी.ए./प्रतिशत को अर्हता तय करने के लिए माना जाएगा; Where a University does not prescribe any CGPA/percentage in its Dual/Integrated Degree certificates, the cumulative CGPA/percentage as per Final / Consolidated Mark Sheet, as applicable for the entire course of study, will be reckoned for deciding the eligibility; |
| **घ/**d) | उपर्युक्त मानदंड समान रूप से लागू होंगे, भले ही कोई विश्वविद्यालय/संस्था अपने द्वि/समेकित डिग्री प्रमाणपत्र में स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशत निकालने के लिए कोई सूत्र निर्धारित करता हो या नहीं। The above criteria will apply uniformly regardless of whether or not a University/Institution prescribes a formula to derive the CGPA/percentage for Graduation/Post Graduation in its Dual / Integrated Degree certificate |
| | |

3. **आयु सीमा**: 16-09-2026 को 28 वर्ष; सेवारत केंद्र सरकारी सिविल कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक; दिव्यांग व्यक्ति भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट हेतु पात्र हैं

**Age Limit**: 28 years as on 16-09-2026. Serving Central Government civilian employees, Ex-servicemen and Persons with Benchmark Disabilities, are eligible for age relaxation as per Government of India orders.

4. **पी.डब्ल्यू.बी.डी. प्रमाण-पत्र:** पी.डब्ल्यू.बी.डी. के लिए आरक्षित पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण पत्र की एक स्व-सत्यापित प्रति जमा करनी होगी, जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो, जो केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित कम से कम तीन (03) सदस्यों वाले चिकित्सा बोर्ड, जिसमें से एक उस विशेष क्षेत्र की दिव्यांगता का आकलन का विशेषज्ञ हो, द्वारा जारी किया गया हो। दिव्यांगजनों की परिभाषा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की अनुसूची में निर्दिष्ट है।

PwBD Certificate: Candidates applying for the post reserved for PwBD have to submit a self-attested copy of Disability Certificate in the prescribed format at the time of Interview, clearly indicating the percentage of disability, issued by Medical Board consisting of at least three (03) members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing disability, duly constituted by Central or a State Government. The definition of Disabilities are as specified in the schedule of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016.

**आरक्षण के लिए दिव्यांगता की कोटि:** आरक्षण हेतु दिव्यांगता की मात्रा :केवल ऐसे व्यक्ती सेवा में/पदों पर आरक्षण के लिए पात्र होंगे, जिनकी प्रासंगिक दिव्यांगता न्यूनतम 40% हो। पात्रता के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दिनांक 5 अक्टूबर, 2025 के का.ज्ञा. सं. पी.-13013/95/2023- यू.डी.आई.डी./आई.टी./सांख्यिकी में परिभाषित की गई है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे दिव्यांगता के सत्यापन के लिए अपने हस्त-निर्मित प्रमाणपत्र (यदि कोई) को यू.डी.आई.डी. पोर्टल पर समय से पहले डिजिटल रूप में करवा लें।

DEGREE OF DISABILITY FOR RESERVATION: Only such persons would be eligible for reservation in Services/Posts who suffer from not less than 40% of relevant disability. The standard Operating procedure for the eligibility is defined in the Ministry of Social Justice & Empowerment, Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan) OM No. P-13013/95/2023-UDID/IT/STATISTICS dated 15th October, 2025. Candidates are requested to get their manual certificate(if any) digitized on UDID portal well within time for verification of the disability.

5. **आवेदन कैसे करें:** ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए आवेदन इसरो की वेबसाइट पर दिनांक **27-08-2026 से 16-09-2026 (रात 11.55 PM)** के बीच उपलब्ध रहेगा। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। राष्ट्रीय वृत्ति सेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत और अर्हता शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी उल्लिखित प्रक्रिया का पालन कर आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण के उपरांत, आवेदकों को एक ऑन-लाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य के संदर्भ के लिए सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाना चाहिए। आवेदक को आवेदन में ई-मेल आई.डी. अनिवार्य रूप से देनी है। (लिखित परीक्षा/सी.बी.टी और साक्षात्कार के लिए हॉल टिकट/कॉल लेटर केवल ई-मेल आई.डी द्वारा ही भेजा जाएगा) ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16-09-2026 है।

How to apply: The application for on-line registration will be hosted in the ISRO website www.isro.gov.in between 27-08-2026 to 16-09-2026 at 11.55 PM . The candidates registered under National Career Services (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may apply duly following the procedure stated. Applications will be received on-line only. Upon registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. E-mail ID of the applicant is to be given in the application correctly and compulsorily. (Hall tickets / Call letters for written test /CBT and interview for those screened-in will be sent by e-mail only). The last date for submitting on-line application is 16-09-2026 .

6. ऐसे आवेदनों, जो इस विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुसार नहीं है तथा अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। / Applications that are not in conformity with the requirements indicated in this advertisement and incomplete applications will not be entertained.

7. **अनापत्ति प्रमाण पत्र:** जो अभ्यर्थी केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों आदि के तहत कार्यरत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय या जब भी माँगा जाए, संबंधित नियोक्ता से **'अनापत्ति प्रमाण पत्र'** प्रस्तुत करना होगा। हालाँकि, अभ्यर्थी को केवल नियोक्ता की सूचना और पूर्व अनुमति के तहत पद के लिए आवेदन करना चाहिए। जो अभ्यर्थी पद के लिए आवेदन करने के बाद रोजगार प्राप्त कर सकता है/रोजगार बदल सकता है, उसे अपने आवेदन का विवरण नियोक्ता को सूचित करना होगा और साक्षात्कार के समय एन.ओ.सी. अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। कोई भी अभ्यर्थी, जो साक्षात्कार के समय एन.ओ.सी. की मूल प्रति प्रस्तुत करने में विफल रहता है तो उसे साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यात्रा भत्ता का भुगतान नहीं किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया के आगे के चरण में भाग लेने का कोई अधिकार नहीं होगा। इस संबंध में भर्ती के किसी भी चरण में कोई भी गलत दावा पाए जाने के परिणामस्वरूप आवेदन/नियुक्ति अयोग्य हो जाएगी। /
No Objection Certificate: Candidates who are employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit 'No Objection Certificate' from the employer concerned, at the time of Interview or as and when called for by ICRB/ISRO . However, the candidate should apply for the post only under intimation to and with the prior permission of the employer. A candidate, who gets/changes employment after applying, is required to inform the employer the particulars of his/her application and shall mandatorily submit NOC at the time of Interview. Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Interview, shall not be permitted to appear in the Interview and Travelling Allowance (TA) will not be paid. Such candidates will not have any claim for participation in further recruitment process. Any false claim in this regard noticed at any stage of recruitment will result in disqualification of candidature / employment.

8. आवेदन शुल्क सभी पदों के लिए :₹ 250/-(केवल दो सौ पचास रुपएहै। का अप्रतिदेय आवेदन शुल्क ( हालाँकि, शुरू में सभी उम्मीदवारों को प्रॉसेसिंग शुल्क के रूप में प्रति आवेदन समान रूप से ₹750/- (केवल सात सौ पचास रुपयेका भुगतान करना होगा। ( **Application Fee:** <u>There is a non-refundable Application Fee of ₹250/- (Rupees Two Hundred and Fifty only) for all the posts</u>. However, initially all candidates have to uniformly pay ₹750/- (Rupees <u>Seven Hundred and Fifty only</u>) as processing fee.

8.1 **आवेदन शुल्क का भुगतान / Payment of Application fee:**

(i) आवेदन शुल्क केवल भारतकोश पोर्टल ई-भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन विधि से लिया जाएगा और भुगतान करने का लिंक ऑनलाइन आवेदन जमा करने पर दिखाई देगा। निम्नलिखित में से किसी भी एक माध्यम से शुल्क का भुगतान किया जा सकता है:

The Application fee will be collected only through Online mode via Bharatkosh e-Payment gateway and the link for making the payment will appear on submission of the online application. The fee can be paid using any one of the following modes:

- इंटरनेट बैंकिंग/Internet Banking
- एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यू.पी.आई.)/Unified Payment Interface (UPI)

- डेबिट कार्ड (अंतर्देशीय)/Debit Cards (Domestic)

(ii) किसी अन्य रूप में आवेदन शुल्क का भुगतान जैसे नकद प्रेषण, चेक, ड्राफ्ट, मनी ऑर्डर, आई.पी.ओ. आदि की अनुमति नहीं है (या) भुगतान की कोई अन्य विधि स्वीकार नहीं की जाएगी।
Payment of Application Fee in any other form like cash remittance, cheque, draft, money order, IPO, etc. are not allowed (or) no other mode of payment will be accepted.

(iii) आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु लागू सभी सेवा शुल्कों का वहन आवेदक द्वारा किया जाएगा।
All Applicable service charges for payment of Application fee shall be borne by the Applicant.

(iv) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि अर्थात 16-09-2026 है।
The last date for submission of Application Form shall be the last date for the payment of Application Fee i.e. 16-09-2026.

नोट:_आई.सी.आर.बी./इसरो लंबित/असफल लेनदेन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
Note: ICRB/ISRO will not be responsible for pending/failed transaction.

8.2 **आवेदन शुल्क की वापसी / Refund of Application Fee:**

प्रासंगिक शुल्क केवल उन उम्मीदवारों कों वापस किया जाएगा जो लिखित परीक्ष में निम्नानुसार उपस्थित होंगे:

The Processing fee will be refunded only to those candidates who appear in the written test / CBT, as under:

a) आवेदन शुल्क भुगतान से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों (महिला, अ.जा./अ.ज.जा./पी.डब्ल्यू.बी.डी., भूतपूर्व सैनिक) के लिए पूर्ण वापसी |/ Refund in full for candidates who are exempted from payment of Application Fee (women, SC/ST/ PwBD, Ex-Servicemen)

b) अन्य सभी अभ्यर्थियों के संबंध में आवेदन शुल्क ₹250/- की कटौती के बाद ₹ 500/- वापसी | After deducting the Application Fee ₹250/- in respect of all other candidates, ₹ 500/- will be refunded

c) शुल्क की वापसी आवेदन में अभ्यर्थी द्वारा प्रदान किए गए बैंक खाते में की जाएगी। इसलिए, अभ्यर्थी प्रसंस्करण शुल्क की वापसी की प्राप्ति के लिए सही और पूर्ण बैंक खाता विवरण, अर्थात खाताधारक का नाम, खाता संख्या और आई.एफ.एस.सी. कोड प्रदान करें।
Refund of fee shall be made to the bank account details provided by the candidate in the application. Hence, Candidates must enter the Bank Account details such as Bank Name, Branch, Name of Account Holder, Account Number, IFSC correctly for receipt of refund of processing fee.

d) कृपया ध्यान दें कि यदि कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा / सी.बी.टी. में शामिल नहीं होता है, तो धन वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा। आई.सी.आर.बी./ इसरो आवेदक द्वारा

ऑनलाइन आवेदन में बैंक विवरण की गलत जानकारी देने के कारण आवेदन शुल्क की वापसी में होने वाली किसी भी समस्या के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। / Please note that refund will not be considered if a candidate fails to appear for the Written Test/ CBT. ICRB/ISRO will not be held responsible for any issues arising in refund of the application fee as a result of incorrect entry of bank details by the applicant in the online application.

e) आवेदकों द्वारा दो/अधिक आवेदन प्रस्तुत करने पर आवेदन की अंतिम तिथि के अंदर जिस आवेदन के प्रति आवेदन शुल्क प्राप्त हुआ है, केवल उसी पर विचार किया जाएगा। / In case of submission of duplicate / multiple applications by candidates, the application against which the 'application fee' has been received within the last date of application, only will be considered.

9. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन जमा करने से पहले उनके द्वारा दर्ज किए गए सभी क्षेत्रों की ऑनलाइन जांच कर लें। अभ्यर्थियों को एक ही पद के लिए कई आवेदन जमा करने से **बचना चाहिए**।

Candidates are advised to check all the fields entered by them online before submitting their applications. Candidates **should avoid** submission of multiple applications for the same post.

10. **दस्तावेजों को अपलोड करना / Uploading of Documents:**

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पोर्टल पर निम्नलिखित दस्तावेजों की स्वच्छ प्रतियां/स्कैन की हुई प्रतियां अपलोड करना है, ऐसा नहीं करने पर उनके आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे: / Candidates are required to upload clear images/ scanned copies of the following documents in the Online portal, failing which their applications will be rejected:

- केवल .jpg या .jpeg फॉर्मेट में हाल ही का (6 माह से पुरानी नहीं) रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो (अधिकतम साइज 100 Kb से/200 Kb तक) /Recent colour passport size photograph (not older than 3 months) in .jpg or .jpeg format only (Maximum Size of 100 Kb to 200 Kb)

- केवल .jpg या .jpeg फॉर्मेट में हस्ताक्षर (अधिकतम साइज 80 Kb से 150 Kb तक) / Signature-in .jpg or .jpeg format only (Maximum Size of 80 Kb to 150 Kb).

- प्रसंस्करण शुल्क की पूर्ण वापसी के लिए यथालागू अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांगजन/भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण-पत्र (कोई एक प्रमाण- पत्र)। SC/ST/Disability/ Ex-servicemen certificate as applicable for full refund of Processing Fee (any one certificate).
- आवेदन के साथ केवल फोटो, हस्ताक्षर ***jpg फॉर्मेट में*** तथा प्रासंगिक सहायक दस्तावेज (महिलाएं, अ.जा./अ.ज.जा./पी.डब्ल्यू.बी.डी., भूतपूर्व सैनिक) अपलोड किए जाने हैं। हालाँकि, अभ्यर्थियों को यथासमय मांगे जाने पर अर्हता, आयु, श्रेणी, नियोक्ता आदि से अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि के समर्थन में मूल दस्तावेज

प्रस्तुत करने के लिए तैयार रहना चाहिए। Photo, signature ***in jpg format*** and relevant supporting document (Women, SC/ST/PwBD, Ex-Servicemen) only are to be uploaded along with the application. However, candidates should be ready to submit original documents in support of qualification, age, category, NOC from employer etc. as and when called for.

10.1 फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए निर्देश: / Instructions for uploading Photo and signature:

फ़ोटोग्राफ/Photograph: (4.5से.मी./cm × 3.5से.मी./cm)

- फ़ोटोग्राफ हाल ही में ली गई पासपोर्ट साइज की एवं रंगीन होनी चाहिए।
  Photograph must be a recent passport style colour picture.
- कृपया सुनिश्चित करें कि चित्र रंगीन, हल्के रंग की, अधिमानतः सफेद पृष्ठभूमि पर लिया गया हो
  Make sure that the picture is in colour, taken against a light-coloured, preferably white background
- यदि आप चश्मा पहनते हैं, तो सुनिश्चित करें कि कोई परछाईं न हो और आपकी आंखें स्पष्ट रूप से देखी जा सकें।
  If you wear glasses make sure that there are no reflections and your eyes can be clearly seen.
- टोपी, हैट और काले चश्मे के साथ फोटो स्वीकार्य नहीं हैं। /Caps, hats and dark glasses are not acceptable.
- आकार 200 x 230 पिक्सेल (अधिमानित)
  Dimensions 200 x 230 pixels (preferred)
- फ़ाइल की साइज 100kb–200 kb के बीच होना चाहिए |/ Size of file should be between 100 kb-200kb
- सुनिश्चित कर लें कि स्कैन की गई छवि की साइज 200kb से अधिक न हो। यदि फ़ाइल की साइज 200kb से अधिक हो, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग जैसे डी.पी.आई. विभेदन, रंगों की संख्या आदि को समायोजित करें। / Ensure that the size of the scanned image is not more than 200kb. If the size of the file is more than 200 kb, then adjust the settings of the scanner such as the DPI resolution, no. of colours etc., during the process of scanning.
- फोटो उचित साइज की और स्पष्ट रूप से दृश्यमान होनी चाहिए। Photo should be of appropriate size and clearly visible.

हस्ताक्षर/Signature:

- आवेदक को सफेद कागज पर काली स्याही वाले कलम से हस्ताक्षर करने हैं। /The applicant has to sign on white paper with Black Ink pen.
- आकार 140 x 60 पिक्सेल (अधिमानित) |/ Dimensions 140 x 60 pixels (preferred)
- फ़ाइल की साइज 80kb – 150kb के बीच होना चाहिए |/ Size of file should be between 80kb – 150kb

- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई छवि की साइज 150kb से अधिक न हो / Ensure that the size of the scanned image is not more than 150kb
- / हस्ताक्षर (कैपिटल अक्षरों में नहीं) उचित साइज का होना चाहिए और स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। Signature (Not in CAPITAL LETTERS) should be of appropriate size and clearly visible.

10.2 प्रिंटआउट अपलोड करने के लिए नमूना प्रति अनुलग्नक में संलग्न-I है /Specimen copy for uploading the photo is enclosed in Annexure-I

11. **चयन प्रक्रिया/Selection Process:**

लिखित परीक्षा/ सी. बी. टी. अगरतला ,अहमदाबाद, बेंगलूरु, भोपाल ,मोहाली/चंडीगढ़ ,भुवनेश्वर ,चेन्नै, देहरादून, दिल्लीएर्णा ,कुलम ,गुरुग्राम ,गोरखपुर ,गुवाहटी, हैदराबाद, इंदौर ,जयपुर ,जम्मू ,जोधपुर , कानपुर ,कावरत्ती ,कोलकाता, लखनऊ, मंगलूरु ,मुंबई, मैसूरु ,रायपुर ,पुणे ,पोर्ट ब्लेयर ,पटना ,नागपुर , ,तिरुचिरापल्ली ,शिलांग ,रांचीतिरुवनंतपुरम, वाराणसी विशाखापट्टनम ,विजयवाड़ा ,जैसे अड़तीस स्थानों पर आयोजित की जाएगी। हालांकि, आई .बी.आर.सी.के पास लिखित परीक्षा का स्थान रद्द परिवर्तित करने तथा/अभ्यर्थियों को कोई अन्य परीक्षा केंद्र पुनराबंटित करने का अधिकार सुरक्षित है। लिखित परीक्षा हेतु बुलावा पत्र अभ्यर्थियों के केवल पंजीकृत ईमेल आ-ईपर ही भेजे जाएंगे। .डी. /Written test/ CBT will be conducted at Thirty Seven venues viz., Agartala, Ahmedabad, Bengaluru, Bhopal, Bhubaneshwar, Chandigarh/Mohali, Chennai, Dehradun, Delhi, Ernakulum, Gorakhpur, Gurugram, Guwahati, Hyderabad, Indore, Jaipur, Jammu, Jodhpur, Kanpur, Kavaratti, Kolkata, Lucknow, Mangaluru, Mumbai, Mysore, Nagpur, Patna, Port Blair, Pune, Raipur, Ranchi, Shilong, Tiruchirapalli, Thiruvananthapuram, Varanasi, Vijayawada, Vishakhapatnam. However, ICRB reserves the right to cancel/change the written test/CBT venue and re-allot the candidates to any other test Centre. The call letters for written test/CBT will be sent only to the registered e-mail ID of candidates.

a) लिखित परीक्षा/ सी. बी. टी. प्रश्नपत्रि का प्रारुप/Pattern of Question Paper for Written Test/CBT:

| श्रेणी / category | अवधि/Duration | प्रश्न का प्रकार/Type of questions | कुल अंक / Total marks | अंकन का पैटर्न/pattern of marking |
|---|---|---|---|---|
| भाग 'क' – क्षेत्र/विषय विशेष भाग / Part A - Area/Discipline Specific part | 90 Minutes | बहु विकल्प प्रश्न (एम.सी.क्यू.)/ Multiple Choice Questions (MCQ's)- 80 Nos | 80 | प्रत्येक सही उत्तर के लिए+ 1 अंक दिया जाएगा, अनुत्तरित प्रश्नों के लिए शून्य) 0) अंक दिया जाएगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 (-1/3) अंक काट लिया जाएगा।/ +1 for each Correct answer , (0) Zero for unattempted questions and (-1/3) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | minus 1/3 for each wrong answer. |
| भाग 'ख' – अभिक्षमता/क्षमता परीक्षण / Part 'B' - Aptitude/Ability Tests | 30 Minutes | विकल्प प्रश्न (एम.सी.क्यू.),/ Multiple Choice Questions (MCQ's)- अधिकतम 15/maximum 15 Nos<br><br>प्रश्न संख्यात्मक तर्कण, तार्किक तर्कण, चित्रात्मक तर्कण, सार तर्कण तथा निगमनात्मक तर्कण पर आधारित होंगे। / (Numerical Reasoning, Logical Reasoning, Diagrammatic Reasoning, Abstract Reasoning and Deductive Reasoning) | 20 | ऋणात्मक अंकन नही होगा/ No negative marking |
| कुल अंक/Total Marks | | | 100 | |

b) अर्हता मानदंड/Qualifying Criteria:

| श्रेणी / Category | लिखित परीक्षा /सी. बी. टी. Written Test/CBT |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थी / Unreserved | भाग 'क' एवं 'ख' प्रत्येक में 50% / 50% each in Part 'A' & 'B' |
| पी.डब्ल्यू.बी.डी अभ्यर्थी, यदि पद आरक्षित है तो /PwBD, wherever posts are reserved. | भाग 'क' एवं 'ख' प्रत्येक में 40% / 40% each in Part A & B |

c) <u>साक्षात्कार/Interview</u> **:**

लिखित परीक्षा में निष्पादन के आधार पर न्यूनतम 10 अभ्यर्थियों के समुच्चयन के साथ 1:5 अनुपात पर अभ्यर्थियों की साक्षात्कार के लिए छँटनी की जाएगा। आरक्षित रिक्तियों के लिए, अलग-अलग अभ्यर्थियों को 1:5 के अनुपात में शोर्ट-लिस्ट किया जायेगा, अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत शोर्ट-लिस्ट किये गए अभ्यर्थि भले ही आरक्षित श्रेणी के हों। / Based on performance in the written test, candidates will be short-listed for Interview in the ratio of 1:5, with an aggregate minimum of 10 candidates. For reserved vacancies, distinct/additional candidates will be short-listed in the ratio of 1:5 (maximum), without regard to the reserved candidates if any, short-listed under UR category;

निम्नलिखित गुणो के आधार पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा/ The candidates will be assessed based on the following attributes:

<table>
<tr><th>क्र.सं.<br>Sl. No.</th><th colspan="2">गुण<br>Attributes</th><th>अंक आबंटन<br>Marks Allocation</th></tr>
<tr><td>1.</td><td colspan="2">तकनीकी (शैक्षणिक) ज्ञान/Technical (Academic) Knowledge</td><td>40</td></tr>
<tr><td>2.</td><td colspan="2">विशेषज्ञता क्षेत्र (तकनीकी) से संबंधित सामान्य जागरूकता<br>General Awareness in relevance to the area of Specialisation (technical)</td><td>20</td></tr>
<tr><td>3.</td><td colspan="2">प्रस्तुति/संचार कौशल/Presentation/Communication Skill</td><td>20</td></tr>
<tr><td>4.</td><td colspan="2">बोधगम्यता/Comprehension</td><td>10</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>शैक्षणिक उपलब्धियाँ/Academic Achievements<br>• संस्थान का प्रकार- आई.आई.टी., आई.आई.एस.सी., आई.आई.एस.टी., एन.आई.टी. एवं एन.आई.आर.एफ. टॉप 20 श्रेणी वाले संस्थान। अन्यथा शून्य /Institute type IITs, IISC, IIST, NIT & institutes along with NIRF top 20 ranking.<br>• Else NIL</td><td>3 अंक/marks</td><td rowspan="2">10</td></tr>
<tr><td></td><td>• शैक्षणिक निष्पादन/Academic Performance :<br>○ सी.जी.पी.ए./CGPA ≥ 9/प्रतिशत/Percentage ≥ 85%</td><td><u>4 अंक/marks</u><br>2 अंक/marks</td></tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ○ सी.जी.पी.ए./CGPA 7.5 - 9/प्रतिशत/Percentage 71% - 85%<br>○ अन्य शून्य/Others NIL | | |
| | • रैंक, यदि संस्थान द्वारा प्रदान की गई हो (1 से 3) Rank, if any awarded to the candidates by the institute (1 to 3).<br>• अन्यथा शून्य/Else NIL | 3 अंक/marks | |
| | कुल अंक/TOTAL MARKS | | 100 |

d) अर्हता मानदंड/Qualifying Criteria:

| पद/ Posts | लिखित परीक्षा/ सी. बी. टी. अंक /Written Test/CBT Marks | साक्षात्कार /Interview | समुच्चयन /Aggregate |
|---|---|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थी / Unreserved | 50% | 50% | 60% |
| पी.डब्ल्यू.बी.डी अभ्यर्थी, यदि पद आरक्षित है तो / PwBD, wherever posts are reserved. | 40% | 40% | 50% |

d) <u>पैनल सृजन में भारांक/Weightage in Panel Generation</u>:

अंतिम पैनल के तैयार के लिए लिखित परीक्षा के अंकों को 50% तथा साक्षात्कार के अंको को 50% का भारांक दिया जाएगा। / For generation of the final panel, 50% weightage will be given to Written Test marks and 50% weightage to Interview marks.

अंतिम पैनल बनाते समय बराबरी की स्थिति में, अभ्यर्थियों की पारस्परिक मेरिट एक-एक करके निम्नलिखित टाई-ब्रेकर्स के माध्यम से निर्धारित की जाएगी: / In the event of tie during the final empanelment, the inter-se merit of candidates will be decided based on the following tie-breakers to be applied one after the other.

(i) लिखित परीक्षा/सी.बी.टी मे प्राप्त अंक / Marks scored in the Written Test/CBT.

(ii) आवश्यक योग्यता मे प्राप्त अंक/Marks scored in the essential qualification.

(iii) जन्म तिथि, जिसमें आयु में बड़े अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी / Date of Birth, with older candidates placed higher.

***<u>नोट :</u>*****Note:** ***<u>इसरो के पास प्रशासनिक कारणोंसे साक्षात्कार एवं अंतिम चयन हेतु अर्हता मानदंड , यदि कोई हो , में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है। /</u>*** **ISRO reserve the right to change the qualifying criteria for Interview and final selection due to administrative reasons, if any.**

12. **वेतन एवं भत्ते:** चयनित अभ्यर्थियों को वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में वैज्ञानिक/अभियंता-एस.सी. के पद पर नियुक्त किया जाएगा तथा प्रति माह न्यूनतम ₹56,100/- मूल वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उपरोक्त विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता (डी.ए.), मकान किराया भत्ता (एच.आर.ए.) तथा परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारियों को नई पेंशन योजना में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा स्वयं एवं आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, रियायती दर पर कैंटीन सुविधा, सीमित आवास सुविधा (एच.आर.ए. के एवज में), छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, मकान बनाने हेतु अग्रिम इत्यादि केंद्रीय सरकार के आदेशानुसार दिया जाएगा। / **Pay and Allowances**: Selected candidates will be appointed as Scientist/Engineer 'SC' in Level 10 of Pay Matrix and will be paid minimum basic pay of ₹.56,100/- p.m. In addition, Dearness Allowance [DA], House Rent Allowance [HRA] and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the New Pension Scheme. Further, medical facilities for self and dependents, subsidized canteen, limited quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance, etc. are admissible as per Central Government orders.

13. **अन्य शर्तें/अनुदेश / Other Conditions/Instructions**:

- केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें।

  Only Indian nationals need apply.
- नियुक्त व्यक्तियों को अंतरिक्ष विभाग / भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के किसी भी केंद्र/यूनिट में नियुक्त किया जा सकता है। उन्हें आवश्यकता के आधार पर किसी भी समय किसी भी केंद्र/यूनिट में स्थानांतरित किया जा सकता है।

  The appointees are liable to be posted in any of the Centres/Units of Department of Space/Indian Space Research Organization. They are liable to be transferred to any such Centre/Unit at any point of time on need basis.
- निर्दिष्ट रिक्तियों की संख्या अनंतिम है। इसरो के पास आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्याओं को बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित है।

  The number of vacancies indicated is provisional. ISRO reserves the right to increase/decrease the number of vacancies, as per the requirement.
- आई.सी.आर.बी./इसरो, यदि ऐसा निर्णय लेता है तो बिना कोई कारण बताए, पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

  ICRB/ISRO reserves absolute rights not to fill up the posts, if it so decides, and without assigning any reason.

- पद अस्थायी हैं, परंतु इनके जारी रहने की संभावना है।

  The posts are temporary, but likely to continue.
- इसरो के केंद्रों/यूनिटों के विवरण के लिए कृपया http://www.isro.gov.in/isro_centres.html देखें।

  For details of ISRO Centres/Units, please visit http://www.isro.gov.in/isro_centres.html.

साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में साक्षात्कार के स्थान पर इंगित किए गए शहर से सबसे छोटे मार्ग से आने-जाने हेतु द्वितीय श्रेणी के रेलवे किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी (उक्त उद्देश्य के लिए पते तथा शहर में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा) | Candidates attending the Interview will be reimbursed to and fro second-class train fare by the shortest route from the city indicated in the on-line application form to the place of Interview (change of address and city for the purpose will not be entertained).

अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय आवेदनों में ऑनलाइन रूप से भरे गए विवरणों के प्रमाण में सभी मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा। / Candidates have to produce all original documents in proof of details furnished in their applications submitted on-line, at the time of Interview.

यदि ऑनलाइन भरी गई कोई जानकारी गलत पायी जाती है तो अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा तथा टी.ए. का भी भुगतान नहीं किया जाएगा। / If any information furnished on-line is found to be false, the candidate will not be allowed for the Interview and TA will not be paid.

- लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए टी.ए. देय नहीं होगा।

  No TA will be paid for attending the Written Test.

- किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के मामले में, अभ्यर्थी विज्ञापन के प्रति इसरो की वेबसाइट पर अपलोड किए गए अक्सर पूछे गए प्रश्नों का संदर्भ ले सकते हैं तथा यदि संदेह की स्थिति रहती है, तब **rmt-icrb@isro.gov.in** को ई-मेल भेजें। <u>विज्ञापन/एफ.ए.क्यू. में पहले से ही उपलब्ध जानकारी के बारे में तथा सारहीन प्रश्नों के उत्तर नहीं दिए जाएंगे।</u>

  In case of any clarification, candidates may refer to the FAQs uploaded in the ISRO website against the advertisement and if the doubt still persists, send e-mail to **rmt-icrb@isro.gov.in** <u>Queries about information already available in the Advertisement/FAQs and Frivolous queries will not be replied to.</u>

- अभ्यर्थी के साथ आगामी सभी पत्राचार केवल उसके/उसकी पंजीकृत ई-मेल आईडी/इसरो वेबसाइट के माध्यम से होंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से अपने ई-मेल (स्पैम/जंक फ़ोल्डर सहित) की नियमित रूप से जांच करें एवं इसरो की वेबसाइट देखें। इसरो पूर्वोक्त रूप में प्रेषित/प्रदान की गई किसी भी सूचना के प्राप्त न होने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा एवं इस मामले पर कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

  All further communications to the candidate shall be through his/her registered e-mail ID/ISRO website only. The candidates are advised to check their e-mail (including spam/junk folders) regularly and visit ISRO website from time to time. ISRO will not be responsible for non-receipt of any intimation sent/provided as afore-said, and no representation on the matter will be entertained.

- किसी भी भर्ती मामले में उत्पन्न किसी भी कोर्ट केस या कानूनी मामले को देखने का उत्तरदायित्व बेंगलूरु, कर्नाटक अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

  The responsibility for handling any court cases or legal issues arising in any recruitment matters will be vested under Bangalore, Karnataka jurisdiction

➢ **सरकार कर्मचारियों के बीच लिंग संतुलन बनाए रखने में प्रयासरत है, जो महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करता है।**
**Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.**

➢ **किसी भी रूप में याचना अनर्हता होगी।**
**CANVASSING IN ANY FORM WILL BE A DISQUALIFICATION.**

14. यह अभ्यर्थी का पूर्ण उत्तरदायित्व है कि वह यह सुनिश्चत करे कि वह अधिसूचना के अनुसार पात्रता मानदंड को पूरा करता/करती है तथा उसने प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं तथा ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्दिष्ट समय-सीमा तथा आवेदन शुल्क के प्रेषण का पूरा अनुपालन किया है। अधिसूचित प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार का विचलन अभ्यर्थिता को रद्द करेगा तथा उस मामले पर किसी भी प्रकार के अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। / It is the absolute responsibility of the candidate to ensure that he/she fulfills the eligibility criteria as notified and has fully complied with the procedural requirements and time limits stipulated for submission of on-line application and remittance of application fee. Any deviations from the procedures notified would result in cancellation of candidature and no representation on the matter will be entertained.

15. ***इस अधिसूचना के हिंदी संस्करण से संबंधित यदि कोई संदिग्धता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण में दिए गए विस्तृत अनुदेश अंतिम होंगे। /***In case any ambiguity/dispute arises on account of interpretation of Hindi version of this notification, instructions detailed in the English version shall be final.

16. लिखित परीक्षा के तीन कार्य-दिवसों के अंदर उत्तर-कुंजियां इसरो की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएंगी। अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के पश्चात प्रदान की गई लिंक के माध्यम से ही वैध औचित्य के साथ वेबसाइट में उत्तर कुंजियों के प्रकाशन से पांच दिनों के अंदर आपत्ति, यदि कोई हो, दर्शा सकता/सकती है। इस अवधि के पश्चात अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आपत्तियां, यदि कोई हो, पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।/ The Answer Keys will be published on the ISRO Web-site within three working days of the Written Test/CBT. The candidates may raise objections with valid justifications, if any, within 5 days of publishing the answer keys in the web-site, ONLY through the link that shall be provided after the Written Test/CBT. Objections, if any, received thereafter or through any other modes will not be considered under any circumstances

17. स्मरणार्थ महत्वपूर्ण तिथियां:-
Important dates to remember: -

ऑनलाइन पंजीकरण खुलने की तिथि / Opening date for on-line registration - 27-08-2026
ऑनलाइन पंजीकरण बंद होने की तिथि / Closing date for on-line registration - 16-09-2026

**अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए इसरो वेबसाइट www.isro.gov.in देखें।**
**VISIT OUR WEB-SITE www.isro.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION**

**Annexure-I**

# Specimen of Photographs

**Acceptable Photograph**



**Samples of photographs which are not acceptable**

Extra Colour



Too close



With hat/cap



Blur Photographs







Inverted




Too dark



With goggles



Facing Sideways



Too Small



With spectacles

